Assignment
पाठ-3 स्वामी विवेकानंद
कक्षा -4

1 शब्द -अर्थ कॉपी में लिखें।
2 वाक्य बनाएं।
सहपाठी, अध्यापक, हठ।

3 प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्रश्न(क) केशव क्या हठ रहा था?
उत्तर- केशव कहानी सुनने की हठ कर रहा था।

प्रश्न(ख) अध्यापक के प्रश्नों के उत्तर किसने दिए? उत्तर-अध्यापक के प्रश्नों के उत्तर नरेंद्र ने दिए।

प्रश्न(ग) छात्रों को दंड क्यों दिया गया?
उत्तर- अध्यापक कक्षा में पढ़ा रहे थे और छात्र बातें कर रहे थे । अध्यापक ने उनसे प्रश्न पूछे जिनका उत्तर न दे पाने के कारण छात्रों को दंड दिया गया।

प्रश्न( घ) स्वामी विवेकानंद का जन्म कब और कहां हुआ?
उत्तर- स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ।

4 वर्ण विच्छेद करें-

भिक्षुक- भ् +इ + क् + ष् + उ + क् + अ

प्रतिभा- प् + र् + अ + त् + इ + भ् + आ

श्रोता - श् + र् +ओ +त् + आ

कुशाग्र - क् + उ +श् + आ +ग् +र् + अ

5 लिंग ( gender)

परिभाषा - जिन संज्ञा शब्दों से पुरुष (लड़का) या स्त्री (लड़की ) जाति का पता चले,उसे लिंग कहते हैं ।
जैसे-

| पुल्लिंग | | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| बैल | - | गाय |
| आदमी | - | औरत |

| | | |
|---|---|---|
| **लेखक** | **–** | **लेखिका** |
| **अध्यापक** | **–** | **अध्यापिका** |
| **सहपाठी** | **–** | **सहपाठिन** |